>

Title : Need to impress upon the Government of Madhya Pradesh to fill up the vacant posts of doctors and specialists in district hospital, Rajgarh in Rajgarh Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

श्री नारायण सिंह अमलाबे (राजगढ़): मैं मध्य प्रदेश में स्थित मां जालपा की नगरी राजगढ़ संसदीय क्षेत्र से आता हूं। यहां स्थित जिला चिकित्सालय राजगढ़ में लगभग 80-90 किमी. दूर से इलाज हेतु मरीज आते हैं। किंतु इस जिला चिकित्सालय में डाक्टरों के लगभग 38 पद स्वीकृत होने के बाद भी वर्तमान में मात्र 20 डाक्टर ही कार्यरत हैं एवं 18 पद अभी भी रिक्त हैं। ऐसी स्थिति में बाहर से आने वाले मरीजों, विशेषकर महिलाओं व प्रसूताओं को विशेष समस्या का सामना करना पड़ता है। समुचित इलाज के अभाव में उन्हें भोपाल अथवा इंदौर इलाज हेतु रेफर कर दिया जाता है। कई मरीज बीच रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। इसके अलावा यहां दूसरी एक और बड़ी समस्या यह है कि समुचित चिकित्सकों, सर्जरी तथा एनस्थेशिया के अभाव में भी कई मरीजों को माईनर आपरेशन के लिए भी बाहर रेफर कर दिया जाता है। पूर्व में इस जिला चिकित्सालय में जिले के अतिरिक्त पड़ोसी राज्य राजस्थान के झालावाड़ जिले के भी अधिकांश मरीज अच्छे इलाज हेतु यहां आते थे। परंतु वर्तमान में हालत यह है कि यहां डाक्टरों के अभाव के कारण इस जिले के अधिकांश मरीज अपनी गाढ़ी कमाई का रूपया/पैसा खर्च कर अन्यत्र स्थानों पर इलाज हेतु जाने को बाध्य हो गए हैं। मैंने भी इस संबंध में कई मर्तबा म.प्र. शासन से पत्राचार किया है लेकिन स्थिति आज भी जस की तस बनी हुई है।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह म.प्र. शासन को मेरे संसदीय क्षेत्र के जिला मुख्यालय पर स्थिति चिकित्सालय व जिले के अन्य चिकित्सालयों में कई समय से डाक्टरों व विशेषज्ञों के रिक्त पड़े हुए पदों को शीघ्र भरे जाने हेतु तत्काल आवश्यक निर्देश जारी करें।